आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.09.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, में हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर सरस्वती प्रेक्षागृह में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महाप्रबंधक आरेडिका सुनीत शर्मा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक आरेडिका ने अपने संबोधन में कहा कि कहा कि सितंबर माह में राजभाषा पखवाड़ा मनाया जाता है जिसका उद्देश्य राजभाषा हिन्दी के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है साथ हीं उन्होने ने कहा आरेडिका मे विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें हुई जिससे कर्मचारियों में राजभाषा हिन्दी के प्रति बढ़ती हुई रुचि देखी गई और भविष्य मे भी आरेडिका द्वारा और भी कार्यक्रम होते रहेंगे। इस अवसर पर महाप्रबंधक, आरेडिका ने राजभाषा विभाग द्वारा जारी होने वाली 'प्रतिबिम्ब' पत्र के छठवें संस्करण का विमोचन किया।

आरेडिका, राजभाषा अधिकारी संजय निगम ने इस अवसर पर आरेडिका में राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के लिए किये गए कार्यो को प्रेक्षागृह में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों और परिवारों को जानकारी दी तथा हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस कवि सम्मेलन में आये कवियों ने अपने कविताओं से प्रेक्षागृह मे उपस्थित श्रोताओं का मनमोह लिया।

आरेडिका में राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए 1 सितंबर से 14 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर 9 से 14 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन जैसे–हिन्दी प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन, कार्यालीय टिप्पणी प्रतियोगिता एवं सामग्री प्रबंधन शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन किए गये।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई अनूप कुमार, पीसीएमएम श्रीकांत राय, पीसीई आर.बी. यादव, सहित अन्य विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे ।

विनोद कुमार

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी